wcb Workers' Compensation Board – Alberta

कर्मी
तथ्य पत्रक

# कार्यस्थल की चोट के बाद अपने दायित्वों के बारे में जानें

*(प्रभावी 1 सितंबर 2018)*

काम पर हर सफल वापसी एक महान योजना के साथ शुरू होती है। 1 सितंबर को प्रभावी नया कानून सभी अल्बर्टा नियोक्ताओं और उनके श्रमिकों के लिए चोट लगने पर ठोस काम पर लौटने की योजना बनाने के लिए एक साथ काम करने को और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

संशोधित कार्य और आवास की अवधारणाएं नई नहीं हैं। 2017 में, 93 प्रतिशत जख्मी श्रमिक अपने दुर्घटना-की-तारीख रोजगार में लौट आए, और 80 प्रतिशत चोटिल श्रमिकों को उनके ठीक होने के दौरान संशोधित कार्य सोंपे गए।

बदला क्या है कि नए कानून के तहत, आपके नियोक्ता को आपको संशोधित काम की पेशकश करनी होगी, यह अब वैकल्पिक नहीं है।

आपके नियोक्ता को आपके ठीक होने तक आपके लिए आपकी नौकरी रोककर रखनी होगी। डब्ल्यूसीबी आपके और आपके नियोक्ता के साथ काम करना जारी रखेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप सुरक्षित रूप से काम पर वापस आएं।

## यदि आप काम पर चोटिल होते हैं तो आपके लिए नया कानून क्या मायने रखता है

यह कानून 1 सितंबर 2018 को या उसके बाद की तारीख की दुर्घटना वाले दावों पर लागू होता है। नए कानून के तहत, नियोक्ताओं और श्रमिकों से कार्यस्थल दुर्घटना के बाद उसी नौकरी या वैकल्पिक नौकरी पर वापिस आने के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद की जाती है, जब तक कि यह अपने व्यवसाय को चलाने की नियोक्ता की क्षमता को प्रभावित न करे।

यदि आप 12 महीनों से अधिक के लिए अपनी कंपनी में कर्मचारी हैं, तो यह माना जाता है कि आप काम पर वापस जाएंगे:

- जैसे ही आप उसी नौकरी या बराबर मूल्य और वेतन की नौकरी में अपने आवश्यक कार्य कर्तव्यों को पूरा करने में सक्षम हो जाते हैं
- जब आप पहली उपलब्ध नौकरी में संशोधित काम या वैकल्पिक काम के लिए उपयुक्त हो जाते हैं।

यह नया कानून अधिकतर नियोक्ताओं और श्रमिकों पर लागू होता है, लेकिन सभी पर नहीं। इसमें कुछ अपवाद हैं जैसे अल्पावधि या मौसमी कर्मचारी, उप-ठेकेदार और व्यक्तिगत कवरेज वाले लोग। और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

## यदि आपको काम पर चोट लग जाती है तो आपको नए कानून के बारे में क्या-क्या जानने की आवश्यकता है, वो इस प्रकार है:

### 1. इस प्रक्रिया में मेरा दायित्व क्या है?

आप और आपके नियोक्ता दोनों को सुरक्षित कार्य-वापसी में एक दूसरे और डब्ल्यूसीबी के साथ सहयोग करने की आवश्यकता है। इसका मतलब है कि आपकी संपूर्ण बहाली अवधि के दौरान संचार को बनाए रखना, आपकी कार्य-में-वापसी योजना में सक्रिय भूमिका निभाना, और अपने नियोक्ता के साथ काम करना, आपके ठीक होने के दौरान आपके लिए उपयुक्त नौकरी कर्तव्यों की पहचान करने के लिए आपके नियोक्ता के साथ काम करना। इस बारे में और अधिक जानें कि आप अपनी सर्वश्रेष्ठ बहाली को कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

### 2. अगर मैं प्रक्रिया में सहयोग नहीं करता तो क्या होगा?

हमारा लक्ष्य आपके और आपके नियोक्ता के साथ काम करना है ताकि आप अपने काम पर वापस सुरक्षित जा सके। आप काम-पर-वापसी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यदि आप सहयोग करने में सक्षम नहीं हैं, तो हम यह निर्धारित करेंगे कि सहयोग न करने के लिए कोई वैध कारण है या नहीं (उदाहरण के लिए, स्ट्राइक/लॉकआउट, परिवार में मृत्यु, अप्रत्याशित बीमारी या दुर्घटना आदि)। यदि कोई वैध कारण नहीं है, तो हम आपके मुआवजे के लाभ को कम या निलंबित कर सकते हैं।

### 3. मेरे नियोक्ता द्वारा फिर से बहाल किए जाने के दायित्व में कितना समय लगता है?

जब कोई कर्मचारी काम पर लौटने से मना करता है तो नियोक्ता का फिर से बहाल करने का दायित्व समाप्त हो जाता है। यदि आपको काम पर लौटने के छह महीने के भीतर बर्खास्त कर दिया जाता है, तो डब्ल्यूसीबी यह मान लेगा कि आपके नियोक्ता ने फिर से बहाल करने के अपने दायित्व को नहीं निभाया है, जब तक कि इस बात का सबूत न हो कि कार्यस्थल की चोट से असंबंधित कोई उचित और वैध व्यावसायिक कारण था (उदाहरण के लिए, काम बंद होना, पदच्युति, प्रदर्शन से संबंधित समस्याएं इत्यादि) यदि यह साबित नहीं किया जा सकता है, तो आपके नियोक्ता को दंडित किया जा सकता है।

## 4. अगर मुझे लगता है कि नौकरी की पेशकश उपयुक्त नहीं है तो क्या होगा?

आदर्श रूप में, आपका लक्ष्य दुर्घटना से पहले वाले काम पर वापस लौटना है। यह आपके कार्य प्रतिबंधों या वैध व्यावसायिक कारणों से हमेशा संभव नहीं भी हो सकता है।

यदि आपको नहीं लगता कि वैकल्पिक स्थिति उपयुक्त है, तो कृपया अपने नियोक्ता और डब्ल्यूसीबी केस मैनेजर से चर्चा करें। स्थायी कार्य प्रतिबंधों की पहचान होने पर डब्ल्यूसीबी नए कौशल विकास या प्रशिक्षण का समर्थन कर सकता है।

## 5. क्या होगा यदि मेरा नियोक्ता मुझे उपयुक्त संशोधित काम प्रदान करने में सक्षम न हो?

चोट के बाद हमारा प्राथमिक उद्देश्य आपको अपने नियोक्ता के साथ काम पर लौटने में मदद करना है, और हम सभी संभावित विकल्पों का पता लगाएंगे। हालांकि कुछ मामलों में, यह संभव नहीं भी हो सकता है।

फिर हम आपके काम प्रतिबंधों की प्रकृति के आधार पर आपको दूसरी नौकरी खोजने में मदद के लिए व्यावसायिक सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

## 6. मेरी बहाली के दौरान मेरे वेतन का भुगतान करने के लिए कौन जिम्मेदार है?

आम तौर पर, डब्ल्यूसीबी मजदूरी प्रतिस्थापन लाभों को तब तक प्रदान करता है जब तक कि आप काम पर वापस आने के योग्य नहीं होते हैं। कुछ मामलों में, आपकी बहाली के दौरान आपका नियोक्ता आपके वेतन को कवर कर सकता है। उन मामलों में, डब्ल्यूसीबी, आपके काम पर ना आ सकने के दौरान, नियोक्ता को भुगतान किए गए वेतन की प्रतिपूर्ति करता है।

यदि आप प्रतिबंधित हैं और कम घंटों या कम वेतन पर आवास की आवश्यकता है, तो डब्ल्यूसीबी आपके ठीक होने तक मजदूरी टॉप-अप लाभ भी प्रदान कर सकता है।

## 7. अगर मेरे सामूहिक समझौते के साथ कोई टकराव हो जाए तो क्या होगा?

सबसे पहले आपके नियोक्ता को आपके सामूहिक समझौते के भीतर रोजगार की पेशकश करने का प्रयास करना चाहिए। यदि यह संभव नहीं है, तो आपके नियोक्ता को सामूहिक समझौते के बाहर रोजगार के अवसरों पर विचार करना चाहिए- *श्रमिक मुआवजा अधिनियम* को सामूहिक समझौते से अधिक प्राथमिकता दी जाती है।

कार्यस्थल दुर्घटना के बाद आपके स्वास्थ्य देखभाल लाभों के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें।

***अभी भी सवाल हैं?*** कृपया हमसे 1-866-922-9221 पर टोल-फ्री संपर्क करें।